## सार-समाचार

### मोबिलाईजशन पखवाड़ा 10 जुलाई तक

**कोटा,** (निसं)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर इस वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान स्लोगन अवधारणा पर मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के मुताबिक इस स्लोगन पर आयोजित गतिविधियों में योग्य दम्पत्तियों में सीमित परिवार व बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जनजाग्रति पैदा करने के लिए 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाईजेशन पखवाड़ा और 11 से 24 जुलाई की अवधि में सेवा प्रदान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जनसंख्या स्थिरिकरण के लिए कई गतिविधियां अभियान के रूप में संचालित की जाएंगी। डिप्टी सीएमएचओ पक. डॉ गोविन्द सिंघल ने बताया कि मोबिलाईजशन पखवाड़े में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं अपने क्षेत्र में योग्य दम्पत्तियों से संपर्क कर उन्हे सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही उम्र, दो बच्चों के बीच उचित अंतराल, प्रसवोत्तर एवं गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं, अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन, परिवार कल्याण सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगे। जिला एवं ब्लॉक स्तर से पखवाड़ा आयोजन की मॉनिटरिंग की जाएगी। सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक चलेगा। 11 को विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर परिवार विकास मेले का आयोजन, इस पखवाड़े की अवधि में लाभार्थियों को परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता एवं परामर्श तथा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। परिवार कल्याण सेवाओं का वितरण आदि गतिविधियां की होंगी।

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद (भामसं) मंत्रालयिक संवर्ग के हितों के संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर बूंदी को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विप्लव सिंह ने बताया कि ज्ञापन देकर मंत्रालयिक संवर्ग की पमुख मांगो यथा मंत्रालयिक संवर्ग के संस्थापन अधिकारी के पद नाम को मुख्य प्रषासनिक अधिकारी के पद नाम में परिवर्तन, मंत्रालयिक संवर्ग में पदोन्नित का अन्तिम पद उप सचिव का सृजित कर ग्रेड पे 8700,मंत्रालयिक संवर्ग की छठे वेतन आयोग में एसीपी की ग्रेड पे 3600 विलोपित कर उसके स्थान पर 4200, अन्य संवर्गो की भांति मंत्रालयिक संवर्ग में तीसरा पद (सहायक प्रषासनिक अधिकारी) को राजपत्रित किया जाकर 4800 ग्रेड पे, ग्रेच्यूटी एक्ट 1972 में संषोधन कर 16.5 माह के स्थान पर 33 माह का वेतन ग्रेच्यूटी के रूप में, मंत्रालयिक संवर्ग हेतु पृथक से निदेषालय स्थापित, बोनस की सीमा 7000 से बढ़ाकर 15000 एवं अन्य मांगो पूरा करने की मांग की गई हैं।

### दीप यज्ञ का आयोजन

**बून्दी** (निसं)। नशा निषेध दिवस पर बुधवार रात्रि को जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में मोदी स्थित भोलेनाथ के मंदिर परिसर में दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। संयोजक विनोद कुमार नायक ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ बून्दी के तत्वाधान में आयोजित इस दीपयज्ञ में 51 दीपक जलाकर स्नेह सद्भाव बढ़ाने तथा सद्बुद्धि हेतु गायत्री महामंत्र से तथा राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए महामृत्युंजय मंत्र की भावनात्मक आहुतियां दी गई। प्रज्ञा गीत व गुरु महिमा लोकेश नारायण शर्मा ने प्रस्तुत की। वरिष्ठ परिजन रोडूलाल वर्मा ने नशा निषेध दिवस पर दीप यज्ञ की पूर्णाहुति में दक्षिणा स्वरूप एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प दिलाया। दीपयज्ञ में बृजसुंदर शर्मा, गिरधर गोपाल चित्तौड़ा, कमलेश गोस्वामी, रुक्मणी नायक, ओमप्रकाश शास्त्री, नंदा देवी शास्त्री, राजेंद्र शर्मा, भारती शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर अनामिका चंदोलिया ने जय घोष का पाठ किया और अंत में बुद्धिप्रकाश पुंडीर ने आभार व्यक्त किया।

### 'योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं'

**कोटा,** (निसं)। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोटा एवं भरतपुर संभाग से आए प्रशिक्षणार्थियों को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के निदेशक डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने सम्बोधित किया। उन्होंने विभागीय कार्मिकों को सकारात्मक सोच के साथ विभागीय योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने, कार्य का समयबद्ध सम्पादन करने एवं कार्यालय आने वाले आगन्तुकों का कार्य सम्मानपूर्वक पूरा करने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त निदेशक (बीमा) दीपिका मित्तल ने बताया कि निदेशक ने परिसर में "एक पेड-मां के नाम" पर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में संस्थान के अतिरिक्त निदेशक रामगोप मीणा, मुख्यालय के वरिष्ठ अतिरिक्त निदेशक अमित जौहरी, सुनील चन्द बंसल, अतिरिक्त निदेशक (प्रशिक्षण) संतोष अमिताभ आदि उपस्थित थे।

### रामचरण विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष बने

**बून्दी** (निसं)। विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा 'चच्चू भैया' व मुख्य संरक्षक नवल किशोर शर्मा की सहमती से विप्र फाउंडेशन बून्दी जिलाध्यक्ष पद पर रामचरण श्रृंगी को नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष पद पर रामचरण श्रृंगी को नियुक्ति देकर आगामी सात दिवस में सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों की नियुक्ति करने सहित जिला कार्यकारिणी गठित कर संगठन का कार्य प्रारम्भ करने के निदेग्श दिए।, इस अवसर पर राष्ट्रीय संत पं. ज्योति शंकर शर्मा ' पुराणाचार्य', बिट्ठल सनाढ्य,गिरीश ओझा, प्रेममोहन गौड़, अनन्त दाधीच, पं. शभूदत्त शर्मा, मुकेश दाधीच, ऋषभ शर्मा, मेघराज शर्मा,भूपेश शर्मा, पं. महावीर प्रसाद गौतम पटवारी, इंद्रदत्त राजौरा सहित ब्राह्मण बंधुओं ने संगठन द्वारा लिये गये निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया।

### छात्राओं को जागरुक किया

**बून्दी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीरमदेव देव की अध्यक्षता में मादक पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा नशा न करने की शपथ छात्राओं को दिलाई गई। इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. चंपा अग्रवाल द्वारा नशा से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मनीलता पचानौत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### अनाधिकृत आधार केन्द्र बंद

**कोटा,** (निसं)। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विज्ञान नगर क्षेत्र में संचालित आधार केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच में पाया गया कि आधार केन्द्र को ग्राम पंचायत रीछडिया ब्लॉक खैराबाद के लिए सायमा नाज को अधिकृत आधार केन्द्र किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था जिसे विभाग टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बन्द कर दिया गया है। यह जानकारी तकनीकी निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मुकेश विजय ने दी।

### रक्तदान किया

**बून्दी** (निसं)। खटखड़ महात्मा गांधी स्कूल में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत अनिल वर्मा ने गुरूवार को बून्दी ब्लड बैंक पहुंचकर अपना दुर्लभ रक्त ओ पॉजिटिव रक्त का दान कर जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाया। इससे पहले भी अनिल वर्मा चार बार रक्तदान कर चुके है। शारीरिक शिक्षक अनिल वर्मा ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज मैंने अभियान से जुडकर 5वीं बार रक्तदान किया है।

### शिक्षा मंत्री की जनसुनवाई आज

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की जनसुनवाई शुक्रवार प्रातः 10 बजे से नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड संख्या 6 स्थित स्वामी विवेकानन्द नगर के मां भारती विद्यालय परिसर में आयोजित होगी। जनसुनवाई के दौरान शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री लोगों के परिवाद सुनेंगे।

### पेंशनरों का संवाद कार्यक्रम

**छीपाबड़ौद** (निसं)। पंचायत समिति में पेंशनरों को झुंझुनू के राज्य स्तरीय प्रोग्राम मे वीसी के माध्यम जोडा गया। कार्यक्रम मे तहसीलदार राजवीर यादव प्रधान नरेश कुमार मीना,ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण तथा लगभग 50 पेंशनर उपस्थित रहे।

### पर्यटन विकास समिति की बैठक

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में 28 जून को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

# गणेश शंकर विद्यार्थी हरितिमा पट्टी फिर से अतिक्रमण का शिकार हुई

■ 'घटोत्कच्छ सर्किल से महावीर नगर प्रथम तक कंटीली चारदीवारी एवं बोर्ड लगाकर पूर्ण विकसित की जाये'

**कोटा,** (निसं)। नगर विकास न्यास द्वारा घटोतकच्छ सर्किल से गोबरिया बाउंड्री मार्ग पर 1990 में विकसित गणेश शंकर विद्यार्थी हरितिमा पट्टी आवारा मवेशियों के जमावड़े के कारण दुर्दशा की शिकार है। क्षेत्र के नागरिकों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मांग की कि 120 फीट चौड़े मुख्य मार्ग पर हरे-भरे पेड़ों की सुरक्षा के लिये इस पर कंटीली चारदीवारी बनाने के लिये न्यास अधिकारियों को निर्देश दें।

वार्ड-69 के नागरिकों ने बताया कि पावर हाउस के सामने मुख्य मार्ग पर हरितिमा पट्टी के एक छोर पर नवनिर्मित फुटपाथ पर पुराने फर्नीचर बेचने वालों तत्वों ने स्थायी अतिक्रमण कर अपना बाजार विकसित कर लिया है। नगर निगम दक्षिण द्वारा इनको कई बार हटाया गया लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से ये मुख्य मार्ग पर दोबारा कब्जा कर बैठे हैं। याद दिला दे कि 1990 में पूर्व यूआईटी चेयरमैन हरिकृष्ण जोशी ने 1990 में घटोतकच्छ सर्किल से महावीर नगर प्रथम तक मुख्य मार्ग पर ग्रीन बेल्ट विकसित की थी।

इसका नामकरण गणेश शंकर विद्यार्थी हरिमिता पट्टी रखकर यहां बड़ी संख्या में पेड़ लगाये गये थे। बाद में देखभाल के अभाव में इसका बोर्ड भी हटा दिया गया और चारदीवारी को सुरक्षित नहीं रखा गया। वार्ड-69 में पैदल सैर करने वाले रहवासियों ने मुख्य मार्ग पर ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी कर इसे विकसित करने के लिये पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को ज्ञापन दिया था। उन्होंने न्यास द्वारा इसका टेंडर करवाकर इसे विकसित करने के निर्देश दिये। यूआईटी द्वारा 1 किमी लंबी इस ग्रीन बेल्ट में वर्षो तक 5 फीट उंची पक्की चारदीवारी थी। जिसे तोडकर मात्र 2 फीट उंचाई तक पक्का निर्माण कर दिया गया। कंटीली जाली नहीं लगाने से आवारा मवेशियों ने इसमें गंदगी फैला दी।

हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा संवेदक को इस बेल्ट में तीन वर्ष तक मिट्टी डालकर हरियाली विकसित करने का ठेका दिया है, उसकी पुनः समीक्षा की जाये। क्योंकि पिछले एक वर्ष से इस ग्रीन बेल्ट में फिर गंदगी फैली रहती है। इसमें चारा डालने वालों ने भी अवैध कब्जा कर पौधारोपण नहीं होने दिया। क्षेत्र के खुले मार्गो पर सांडों की लड़ाई से आवागमन भी बाधित हो रहा है। जिससे दुपहिया वाहनो से गुजरने वाली महिलाओं व कोचिंग छात्राओं में असुरक्षा व्याप्त है। इनको तत्काल हटाया जाये।

क्षेत्र के नागरिकों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं विधायक संदीप शर्मा से अपील की कि एक किमी लंबी ग्रीन बेल्ट में दो दशक पुराने सैकडों हरे-भरे पेड़ लगे हैं। आवारा मवेशियों की गंदगी एवं पशुपालकों द्वारा अवैध अतिक्रमण करने से बचाव के लिये इसकी चारदीवारी को कंटीली बनाई जाये। इसका नामकरण पुनः गणेश शंकर विद्यार्थी हरितिमा पट्टी रखकर उसका बोर्ड लगाया जाये। हॉर्टिकल्चर विभाग को तीन वर्ष के लिये जो ठेका दिया गया है, उस बजट से इसे पूरी तरह विकसित किया जाये। जिससे घटोतकच्छ से महावीर नगर प्रथम तक 120 फीट चौड़े मुख्य मार्ग पर लगे हरे-भरे छायादार पेड़ सुरक्षित रह सके।

## फरार पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**रावतभाटा,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के आदेशानुसार वांछित अपराधियो एवं प्रकरण में वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान गिरफ्तार किये।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा भगवत सिंह हिंगड व पुलिस उप अधीक्षक वृत रावतभाटा प्रभुलाल कुमावत के पर्यवेक्षण में रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत द्वारा गठीत टीम सहायक पुलिस उप निरीक्षक शान्तिलाल, हैड कानि विक्रम सिंह, हैड कानि कमलेश कुमार, कानि रामअवतार मीना, कानि दानवीर सिंह, कानि पुष्कर, कानि रमेश ने प्रार्थी मौहम्मद सुहैल शेख पिता रियाज अहमद शेख उम्र 38 साल निवासी ईदगाह के पास रावतभाटा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा जिला चितौडगढ द्वारा नगरपालिका भूमि खुर्द बुर्द करने के आरोप में प्रकरण दर्ज करवाया गया। जिसमें 2 साल से फरार व टॉप 10 में वांछित अभियुक्तगण शान्तिलाल पिता तुलसीराम जाति बंजारा उम्र 50 साल निवासी बाडोलिया थाना रावतभाटा, कानाराम उर्फ कन्हैया पिता नानु जाति गुर्जर उम्र 45 साल निवासी चारभुजा पम्प के पास रावतभाटा, मांगीलाल पिता रूपलाल जाति भील उम्र 55 साल निवासी घाडालिया थाना रावतभाटा,फजलु रहमान पिता अब्दुल रहमान जाति निलगर मुसलमान उम्र 48 साल निवासी बाजार नम्बर 2 रावतभाटा,मांगीलाल पिता दुर्गालाल जाति लुहार उम्र 64 साल निवासी झालरबावडी चारभुजा रावतभाटा हाल 56 नम्बर फाटक के पास अटरू थाना अटरू, मांगी बी पिता हैदर खान पति अजीज खान हाल पति असलम खान जाति पठान उम्र 50 साल निवासी बी ऐड कालेज के पास रावतभाटा को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## राजकीय विद्यालय में आंखे जांच कर चश्में भेंट किए

**कोटा,** (निसं)। कोटा की समाजसेवी संस्था कोटा राउंड टेबल 281 ने राजकीय महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, आर.ए.सी कॉलोनी में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर 29 विद्यार्थियों को नजर के चश्मे बांटे।

टेबल चेयरमैन अरुण जैन ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व विद्यालय के 125 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया था। जिसमें 29 विद्यार्थियों को नजर कमजोर निकली। ऐसे में टेबल की ओर गुरुवार को कैंप आयोजित कर विद्यार्थियों नज़र के चश्मे बांटे गए। इस अवसर एरिया प्रोजेक्ट कन्वीनर किंशुक जैन, कम्युनिटी सर्विस कन्वीनर सिद्धार्थ पोद्दार, टेबल मेम्बर सुमित अग्रवाल व दर्पण गर्ग तथा विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीता जैन मौजूद रही। तरुण जैन अपने उद्बोधन में कहा कि हमें स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं करनी चाहिऐं। यह वह धन है जिसका पूरे जीवन महत्वपूर्ण रोल होता है इसके बिना हम जीवन में सही तरह से कुछ हासिल नहीं कर सकते है। उन्होने कहा कि कम आयु में भी नियमित स्वास्थ्य जांच व अल्प लक्षण होने पर भी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए जिससे गंभीर रोगों से बचा जा सके।प्रिंसिपल सुनीता जैन ने कहा कि टेबल के प्रयास सराहनीय है। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों नेत्र जांच करवाई अपितु विद्यार्थियों को नजर के चश्मे भी दिए। जैन ने बताया कि कक्षा 5 वीं से 10 तक के विद्यार्थियों ने नेत्र चिकित्सा शिविर में हिस्सा लिया। उन्हे जब चश्में सौंपे गए तो उन्होंने प्रसन्नता के साथ चश्में ग्रहण किए और टेबल का आभार अपनी मुस्कान के साथ दिया।

## राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ानयागांव का निरीक्षण किया



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ानयागांव का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिले में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ानयागांव का निरीक्षण गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव सरिता मीणा द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि चिकित्सालय मे प्रसूताओं को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया। जिसमें उपलब्ध उपकरण, मानव संसाधन, सुरक्षा व्यवस्था, रक्त उपलब्धता की सुविधा, कूलर, प्रसूताओं को उपलब्ध योजनाओं, शौचालय, बिजली, पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता व चिकित्सालय की स्वच्छता आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडानयागांव के प्रभारी को मौके पर ही चिकित्सालय में स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गये।

### श्वानों को पकड़ने के लिए ज्ञापन सौंपा

**रावतभाटा,** (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा में गुरूवार को साधारण सभा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पार्षद पुष्पा राठौर ने नगरपालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा और अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि आवासीय कॉलोनी में डेंगू, मलेरिया और बरसाती मौसम में बीमारियों की रोकथाम के लिए फोगिंग करावाई जाएं और अनुकीरण, अनुप्रताप, अनुतारा कॉलोनी में आवारा श्वानों की तादाद काफी बढ़ गई है।

### अमिता अध्यक्ष बनी

**झालावाड़** (निसं)। इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब बृजनगर झालावाड़ की सत्र 2024-25 के लिए क्लब सदस्या अमिता अथर्व पंवार को अध्यक्ष चुना गया जिनका कार्यकाल एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 रहेगा, पंवार ने अपनी कार्यकारणी में सचिव प्रिया गुप्ता, आई.एस.ओ. पुजा विजय, कोषाध्यक्ष खुशबू जैन, क्लब सीसी मूमल हाड़ा एवं उपाध्यक्ष स्वाति विजय, निवर्तमान अध्यक्ष जया गुप्ता के साथ क्लब की कार्यकारणी सदस्य के रूप में शकुंतला जैन, सुनीता रावत, लीला जैन, कविता जैन, शिवा जैन और अंजु सोनी को पद पर मनोनीत किया है।

## जिला निष्पादन समिति की बैठक

**बूंदी** (निसं)। जिला निष्पादन समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय में संचालित वाचनालयों में संस्कार निर्माण आधारित पुस्तकों की उपलब्धता हो, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने समस्त पीईईओ को अपने क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर अनामांकित बालक-बालिकाओं का चिन्हीकरण कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से वंचितों को विद्यालयों में जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समन्वय बनाकर स्कूल से वंचित बालकों को जोडा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सथूर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को सुरक्षा की दृष्टि से हटाया जावे। इसके अलावा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोठडा के खेल मैदान पर हो रहे अतिक्रमण को उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली से समन्वय बनाकर हटाना सुनिश्चित करें।

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**बून्दी** (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को आयोजित होने वाले मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। इस दौरान एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका इलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके।

## पंचायत समिति में संवाद कार्यक्रम

**छबड़ा** (निसं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन राशि स्थानांतरित करने के लिए गुरुवार को पंचायत समिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम का झुंझुनू से सीधा जुड़ाव रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद किया।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने भी षिरकत की। यहां आयोजित हुए संवाद कार्यक्रम में एसडीएम रामसिंह गुर्जर, प्रधान हरिओम नागर, विकास अधिकारी अजीत कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

छात्रावास अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनकी बढी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया गया।

इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार जो कहती है उस समय पर पूरा करने का काम करती है, उन्होंने कहा कि आगे और भी कई अहम कार्य होने जा रहे हैं, जिससे प्रदेशवासी लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हु राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, निरंजन शर्मा, पंचायत समिति सदस्य भूमि गालव, सरपंच सत्यनारायण मालव, सरपंच प्रतिनिधि राहुल शर्मा, सुरेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

## सैन समाज के सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया

**रावतभाटा,** (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा अध्यक्ष मधुकंवर हाड़ा ने गुरुवार को विधायक मद 5.50 लाख की लागत से बनाए जा रहे सामुदायिक भवन का निर्माण का शुभारंभ किया।

सेन समाज के सभी समाज जनों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी का स्वागत किया। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी एवं बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा सेन समाज के लिए भवन का निर्माण विधायक मद से किया जाएगा। जिस पर सांसद सीपी जोशी व विधायक सुरेश धाकड़ का सभी समाज जनों ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सेन समाज के भवन में नगरपालिका द्वारा लगाई गई ट्ययूबवेल मोटर का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान सेन समाज की कार्यकारिणी द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मधुकंवर हाड़ा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाडा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दसोरा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, कनिष्ठ अभियंता अरविंद तोमर, नगर महामंत्री दिनेश सेन,पार्षद तन्वी शर्मा, पद्मा सोनी, रेखा लोधा, मनीष गिरी,राजकुमार चौधरी,पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन,भवर सिंह,दिलीप मीणा,पूर्व नगर महामंत्री हरीश राठौर, रूप सिंह रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया

**रावतभाटा,** (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा सभागार में गुरूवार को नगर पालिका की बोर्ड मिटिंग रखी गई,जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की विभिन्न समस्याओं से अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर और नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा को अवगत करावाया। इसी संदर्भ में वार्ड नंबर 3 की पार्षद मेहरूनिशा ने भी वार्ड में सीसी रोड़ निर्माण, नालियों का पुनः निर्माण और नव निर्माण, तेजाजी मन्दिर के बरामदे का जिर्णोद्धार, बारात घर का निर्माण, बन्द पड़ी स्ट्रीट लाईटों को पुनः चालू करावाने तथा मुख्य सडक से वार्ड में जाने वाली सडक के बीच रपट बनवाने बाबत लैटर लिख कर दिया गया। जिस पर अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर और नगर अध्यक्ष मधु कंवर हाड़ा ने सभी कार्य अति शीघ्र पुर्ण करने का आश्वासन दिया।

# 'जिले को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें'



प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

**झालावाड़** (निसं)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारे जिले का विकास ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी झालावाड़ जिले को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आमजन को बेहतर से बेहतर सुविधाएं एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करें।

बैठक के दौरान मनोहरथाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया एवं डग विधायक कालूराम मेघवाल ने विभिन्न विभागों से संबंधित उनके क्षेत्र की समस्याओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया जिसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड ने प्रभारी मंत्री को सम्पूर्ण जिले की जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की क्रियान्विती से अवगत कराया।

उन्होंने विद्युत, जलदाय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में विद्युत एवं पेयजल की सुचारू एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिले में सभी राजकीय अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी पर पर्याप्त रूप से दवाईयों, एम्बुलैंस सहित अन्य चिकित्सकीय संसाधनों की उपलब्धता है।

उन्होंने जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से प्रभारी मंत्री को अवगत कराते हुए उक्त समस्या के समाधान का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रभारी मंत्री को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, रसद, खनिज, आबकारी, परिवहन, रोडवेज, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा वन विभाग सहित अन्य विभागों के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में उप वन संरक्षक सागर पंवार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी झालावाड संतोष कुमार मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।